दिन– शुक्रवार दिनांक– 05 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– जीएसटी सुधारों का दूसरा चरण देश के लिए सहयोग और विकास की दोहरी खुराक है।

02. जीएसटी सुधारों का औद्योगिक संगठनों और आम लोगों ने किया स्वागत। कहा– देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती।

03. आज शिक्षक दिवस है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

04. और, एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के सुपर फोर स्टेज के मैच में भारत ने मलेशिया को चार–एक से हराया। भारत का अगला मुकाबला कल चीन से होगा।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार किए हैं। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जीएसटी का दूसरा चरण राष्ट्र के लिए सहयोग और विकास की दोहरी खुराक है।

———बाईट————

मीडिया के कुछ साथी इसको जीएसटी 2.0 के रूप में कह रहे हैं। लेकिन असल में यह देश के लिए सपोर्ट और ग्रोथ की डबल डोज है। डबल डोज यानी एक तरफ देश के सामान्य परिवार की बचत और दूसरी तरफ देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती। नये जीएसटी रिफॉर्म से देश के हर परिवार को बहुत बड़ा फायदा होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब जीएसटी और भी सरल हो गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से मध्यम वर्ग, नव मध्यम वर्ग, गरीब, युवा और महिलाओं सबको लाभ होगा।

———बाईट———

अब जीएसटी और भी ज्यादा सिंपल हो गया है, सरल हो गया है। जीएसटी के मुख्यतः दो ही रेट रह गए 5ः और 18ः और 22 सितंबर सोमवार जब नवरात्र का पहला दिन है और यह सारी चीजों का मातृशक्ति को साथ संबंध तो बहुत ही रहता है और इसलिए नवरात्रि के इस प्रथम दिवस पर जीएसटी का जो एक रिफॉर्म वर्जन है। नई जेनरेशन रिफॉर्म किया हुआ वो लागू हो जाएगा।

————————————————————

जीएसटी परिषद ने दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं पर दरों में कटौती को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है। इससे अधिकांश वस्तुएँ और सेवाएँ सस्ती हो जाएंगी। परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को पांच प्रतिशत, बारह प्रतिशत, अठारह प्रतिशत और अट्ठाईस प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर पांच प्रतिशत और अठारह

प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। नई दरें इस महीने की बाईस तारीख से लागू होंगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि किसानों और कृषि को समर्थन देने के प्रयास में, सरकार ने जीएसटी दरों में उल्लेखनीय कमी की है।

———बाईट———

केंद्र सरकार ने किसानों पर वित्तीय बोझ काम करने, ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और आवश्यक कृषि उपकरणों को और अधिक किफायती बनाने के लिए जीएसटी दरों में बड़ी कटौती की है। इस कटौती से किसानों का उत्थान और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। नये जीएसटी दरों में ट्रैक्टर के टायर और पुर्जों पर कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। **कल** नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने कहा कि इन सुधारो से श्रम प्रधान उद्योगों को सरकार ने मजबूत समर्थन दिया है, साथ ही किसानों और कृषि क्षेत्र को भी इन फैसलों से लाभ होगा। विशिष्ट जैव कीटनाशकों, सूक्ष्म पोषक तत्वों, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और स्प्रिंकलर सहित खेती कटाई और थ्रेशिंग के लिए विभिन्न कृषि मशीनों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है इस कर कटौती से किसानों को काफी सुविधा होने और देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भानु के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

——————————————————————

जीएसटी मंत्री समूह के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में भी इन सुधारों का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

———बाईट———

——————————————————————

उद्योग निकायों ने जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे व्यापार सुगमता बढ़ेगी और परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी ने कहा कि यह फैसला ऐतिहासिक है। संस्था के उपाध्यक्ष आशीष शंकर ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा।

———बाईट———

——————————————————————

जीएसटी सुधारों को लेकर आम नागरिकों और व्यापारियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

———वॉक्सपॉप———

——————————————————————

केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को सार्वजनिक वितरण संबंधी राष्ट्रव्यापी व्यापक मूल्यांकन रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में देश भर के एक सौ बारह आकांक्षी जिलों में खरीद, भंडारण और शिकायत निवारण सहित सार्वजनिक वितरण के प्रमुख पहलुओं का मूल्यांकन किया गया है। इधर, बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी जन वितरण दुकानों की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने खाद्य और उपभोक्ता विभाग तथा जिलाधिकारियों को भेजे निर्देश में

कहा है कि नौ सितम्बर तक राज्य की सभी तिरेपन हजार आठ सौ उनसठ पीडीएस दुकानों की जांच सुनिश्चित करें।

———————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से आज पटना में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली का आयोजन किया जा रहा है। मिलर स्कूल मैदान में आयोजित रैली को पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवहा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

———————————————————

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में विज्ञान भवन में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में तीन बिहार के हैं। इनमें किशनगंज के सुहागी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका कुमारी निधि, सुपौल के ललित नारायण लक्ष्मी नारायण प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार और सैनिक स्कूल नालंदा के डॉक्टर प्रमोद कुमार शामिल हैं। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उन उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया है और विद्यार्थियों के जीवन पर उसका गहरा असर पड़ा है। इधर, शिक्षक दिवस के अवसर पर पटना में राज्य शिक्षक पुरस्कार से बहत्तर शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इसमें तैंतालीस शिक्षक और उनतीस शिक्षिका शामिल हैं। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में चयनित शिक्षकों को तीस हजार की राशि के साथ शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————

राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के सुपर फोर स्टेज के मैच में कल भारत ने मलेशिया को चार–एक से हराया। भारत की ओर से मनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और विवेक सागर प्रसाद ने एक–एक गोल किये। इस जीत के साथ, भारत चार अंकों के साथ सुपर फोर ग्रुप में शीर्ष पर है, जिसमें कोरिया, मलेशिया और चीन भी शामिल हैं। सुपर फोर पूल स्टेज में भारत का अगला मुकाबला कल चीन से होगा। इससे पहले खेले गये सुपर फोर स्टेज के एक मुकाबले में चीन ने कोरिया ने तीन–शून्य से पराजित कर दिया है। वहीं, पांचवें से आठवें स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में बांग्लादेश ने कजाकिस्तान को पांच–एक से पराजित किया।

———————————————————

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के चरघरिया में सबसे अधिक चौंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————————

पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, घाघरा और कोसी नदी के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी देखी जा रही है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से अब भी ऊपर बना हुआ है। वहीं, नदी भागलपुर और कहलगांव में भी लाल निशान से ऊपर बह रही है। सीवान के दरौली में घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से सत्ताईस सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में लाल निशान के पास है। वहीं, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से लगभग एक मीटर ऊपर बना हुआ है।

————————————————————————

इधर, कटिहार जिले में कोसी समेत कई नदिया लगातार उफान पर हैं। कोसी नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से कई निचले इलाकों में पानी घुस गया है। कुर्सेला के राष्ट्रीय राजमार्ग इकतीस पर बने एक गोदाम में मिट्टी धसने से लगभग एक करोड़ का मक्का पानी में डूब गया है। वहीं, मुंगेर में गंगा नदी के जलस्तर में धीरे–धीरे कमी देखी जा रही है। अब निचले इलाके में बाढ़ का पानी निकल रहा है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में एक हजार एक सौ उनसठ करोड़ रूपये की लागत की सत्रह योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

————————————————————————

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया है। मिलाद जुलूस भी

निकाले जा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

राज्य सरकार ने पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यूनिसेफ के सहयोग से मेरी थाली सेहत वाली अभियान की शुरूआत की। पटना में आयोजित कार्यक्रम में बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक विनायक मिश्रा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की समस्या को समाप्त करना है।

———बाईट———

———————————————————

पितृपक्ष मेले को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रेलवे ने पुनपुन घाट हॉल्ट और अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर सोलह जोड़ी ट्रेनों को दो—दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह ठहराव कल से इक्कीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा।

———————————————————

प्रदेश में पिछले तीन महीनों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की संख्या में तीन लाख की वृद्धि हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभार्थियों की संख्या बढ़कर अब एक करोड़ तेरह लाख हो गयी है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी के बाद लाभार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि पिछले जुलाई महीने में सरकार ने पेंशन की राशि चार सौ रूपये से बढ़कार ग्यारह सौ रूपये कर दी थी।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने जीएसटी दरों में कटौती की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर शीर्षक लगाया है— जीएसटी सुधार बनेगा विकसित भारत का आधार।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— सक्षमता परीक्ष में बत्तीस प्रतिशत शिक्षक ही उत्तीर्ण।

दैनिक भास्कर ने चुनाव की खबर पर लिखा है— पटना में औसत वोटिंग छियासठ फीसदी कराने का लक्ष्य, चलेगा अभियान।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान पर लिखा है— कुछ ही दिनों में होंगे विधानसभा चुनाव। सक्रिय रहें कार्यकर्ता।

राष्ट्रीय सहारा बीपीएससी परीक्षा से जुड़ी खबर पर लिखता है— अनियमितता की शिकायत पर अब बहत्तर घंटे के अंदर होगी जांच।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– जीएसटी सुधारों का दूसरा चरण देश के लिए सहयोग और विकास की दोहरी खुराक है।

02. जीएसटी सुधारों का औद्योगिक संगठनों और आम लोगों ने किया स्वागत। कहा– देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती।

03. आज शिक्षक दिवस है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

04. और, एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के सुपर फोर स्टेज के मैच में भारत ने मलेशिया को चार–एक से हराया। भारत का अगला मुकाबला कल चीन से होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।